दिन–सोमवार दिनांक– 15 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और महानन्दा नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। पश्चिम चंपारण के बगहा में गंडक नदी तबाही मचा रही है। कई जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पूर्वी चंपारण जिले में भी गंडक नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ का पानी राज्य उच्च पथ संख्या तिहत्तर पर चढ गया है। इधर, गोपालगंज जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। सदर प्रखंड के रामपुर टेंगराही पंचायत के राजवाही और सेमराही गांव पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर चुके है। दरभंगा में कमलाबलान, बागमती, करेह, कोसी और अधवारा समूह की नदियों में लगातार पानी बढ़ रहा है। कमलाबलान नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसे दस गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इधर, मधुबनी, भागलपुर, सहरसा और सुपौल जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं है।

——————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई के चकाई में सबसे अधिक छप्पन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

——————————————————————————

नेपाल में के.पी.शर्मा ओली ने आज चौथी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा राष्ट्रपति ने नवनियुक्त 21 मंत्रियों को भी शपथ दिलाई। श्री ओली के नेतृत्व में मंत्रिमंडल में एनसी, यूएमएल, जनता समाजवादी पार्टी – जेएसपी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी–एलएसपी के मंत्री शामिल हैं।

————————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अगली सुनवाई इकतीस जुलाई को होगी। दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत में आज इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद और अन्य सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मंजूरी के सवाल पर दो सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकार को फैसला लेने को निर्देश दिया है।

————————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैथू गांव में कथित रूप से जमीन कब्जा करने पहुंचे राजद नेता और पूर्व मंत्री छेदीराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चार अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मौके से दो राइफल, संतावन कारतूस और एक चारपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

————————————————————————

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बाईपास को जाम कर प्रदर्शन किया।

————————————————————————

किशनगंज में भारत–बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवानों ने बांग्लादेश के तीन नागरिकों को घुसपैठ के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पूर्वी चंपारण जिले के आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत के मुखिया के घर पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ तेरह किलो गांजा बरामद किया है। मौके से पुलिस ने मुखिया को गिरफ्तार कर लिया।

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा–देव रोड में निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बह गया। डायवर्सन टूटने से इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है।

मुंगेर में आज से राज्य स्तरीय अंडर सेवेंट्‍ीन बालक–बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का उद्‍घाटन किया। इक्कीस जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सोलह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

समाप्त